# अभ्यास प्रश्नपत्र-2019-20

कक्षा- 10 — विषय -हिन्दी 'ब'(085)

निर्धारित समय- 3 घंटे — अधिकतम अंक -

| | | |
|---|---|---|
| | सामान्य निर्देश :-<br>1. इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं - क, ख, ग और घ ।<br>2. चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।<br>3. यथा संभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः दीजिए ।<br>4. एक अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 15-20 शब्दों में लिखिए ।<br>5. दो अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए ।<br>6. तीन अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए ।<br>7. पाँच अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 120-150 शब्दों में लिखिए । | |
| | **खंड - 'क'**<br>**(अपठित-अंश)** | **अंक-10** |
| प्रश्न सं. 1 | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**<br>इस बात में कोई शक नहीं है कि तकनीक हमारे जीवन का आवश्यक अंग बन गई है और इससे हमें बहुत लाभ भी हुआ है । किंतु आधुनिक तकनीक की इस चकाचौंध में मानवीय संवेदनाएँ जिस तरह मज़ाक बन कर रह गई है, उस तरफ बहुत कम लोगों का ध्यान गया है । लोगों के पास अब एक दूसरे के लिए समय ही नहीं रहा । मोबाइल-कंप्यूटर-इंटरनेट इनसे लोगों को फुर्सत ही नहीं मिलती । पहले बच्चे घर से निकलने और खेलने के बहाने खोजते थे । किसी तरह मौका मिला नहीं कि मैदान की तरफ भागे । छुट्टियों के दिन मैदानों पर पैर रखने को जगह नहीं मिला करती थी । बच्चों का हुजूम नजर आता था । मैदान में भी बच्चें अपने खेलने की जगह बाँट लेते थे कि किसकी टीम कहाँ खेलेगी । यदि कोई और उस जगह पर खेलने आ जाए तो घमासान मच जाता था । साथ में खेलने से बच्चों में मित्रता की भावना बढ़ती, आपस में भाईचारा बढ़ता । आज की हालत बिलकुल उलटी है । बच्चों के लिए खेल का मतलब हो गया है-कंप्यूटर गेमिंग । कंप्यूटर पर खेलते हुए पूरा दिन निकल जाता है । कई दिनों तक सूरज की रौशनी भी नहीं देखते। जब आपस में मिलेंगे ही नहीं तो मित्रता कैसे बढ़ेगी, भाईचारा कैसे बढेगा । यदि किसी वजह से साथ में बैठे तो भी मोबाइल में लगे रहते हैं । एक दूसरे को कुछ कहना हो तो बोलने कि बजाय मेसेज भेजते हैं । उसका जवाब भी मेसेज से मिलता है । घरों में पहले लोग साथ में खाना खाते थे । रात को पूरा परिवार साथ में बैठकर टीवी देखता, एक दूसरे से बातें करते । यदि टीवी न हो तो जाकर पड़ोसियों से बातें करते । अब लोग बाहर से आते ही अपना-अपना मोबाइल लेकर बैठ जाते हैं । परिवारवालों को आपस में बात करने का समय ही नहीं । बच्चे माता-पिता से बात करने के बजाय मोबाइल पर चैट करना ज्यादा पसंद करते हैं । अभिभावकों को पता ही नहीं चलता कि मेरे बच्चे के जीवन में क्या हो रहा । एक दूसरे के प्रति जो भावनात्मक लगाव हुआ करता था, वो दिनों-दिन कम हो | |

| | | |
|---|---|---|
| | रहा है। कई बार कंप्यूटर के दूसरे छोर पर बैठे अनजान व्यक्ति से हम घंटों बात करते हैं, उसके साथ अपनी कई बातें साझा करते हैं पर अपने परिवार वालों के साथ कई दिनों तक बातें नहीं होती। इससे परिवार के सदस्यों का एक दूसरे पर जो प्रेम हुआ करता था, अब वैसा नहीं रहा। एक ही घर में रहकर भी लोग एक दूसरे के लिए अजनबी हैं। तकनीक के आवश्यकता से अधिक प्रयोग से मनुष्य भावनाशून्य होता जा रहा है। | |
| (क) | मानवीय संवेदनाएँ किन कारणों से मज़ाक बनकर रह गईं हैं ? | 2 |
| (ख) | साथ में खेलने से क्या लाभ होते हैं ? | 2 |
| (ग) | मोबाइल फोन के क्या दुष्परिणाम हुए? | 2 |
| (घ) | 'एक ही घर में रहकर भी लोग एक दूसरे के लिए अजनबी हैं।' पंक्ति का आशय लिखिए। | 2 |
| (ङ) | आजकल बच्चों का पूरा दिन क्या खेलते हुए निकल जाता है? | 1 |
| (च) | उपरोक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। | 1 |
| | **खंड- 'ख'**<br>**(व्यावहारिक व्याकरण)** | **16** |
| प्रश्न सं. 2 | शब्द और पद के अंतर को उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए। | 1 |
| प्रश्न सं. 3 | **निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए-** | 1x3=3 |
| (क) | तताँरा को देखकर वह फूटकर रोने लगी। (संयुक्त वाक्य में ) | |
| (ख) | दो सौ आदमियों का जुलूस लालबाजार गया और वहाँ गिरफ्तार हो गया। (सरल वाक्य में) | |
| (ग) | भाई साहब ने उछलकर पतंग की डोर पकड़ ली और छात्रावास की ओर दौड़ पड़े।<br>(मिश्र वाक्य में) | |
| प्रश्न सं. 4<br>(क) | **निम्नलिखित समस्त-पदों का विग्रह कीजिए तथा समास का नाम लिखिए-**<br>राजकुमार , धूप-छाँव | 1x2=2 |
| (ख) | **निम्नलिखित विग्रहों के समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए-**<br>जितनी शक्ति हो, तीन लोकों का समाहार | 1x2=2 |
| प्रश्न सं. 5 | **निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए-** | 1x4=4 |
| (क) | तुम्हारा दशा अच्छा नहीं है। | |
| (ख) | मेरी तुम्हें देखकर चेतना लुप्त हो गई। | |
| (ग) | मुझे केवल एकमात्र चाय दीजिए। | |
| (घ) | आह! क्या मनोरम दृश्य है। | |
| प्रश्न सं. 6 | **उचित मुहावरों द्वारा रिक्त स्थान को पूरा कीजिए-** | 1x4=4 |
| (क) | वामीरो तताँरा को देखकर अपनी ______________बैठी। | |
| (ख) | उनकी नज़र मेरी ओर उठी और मेरे _______________। | |
| (ग) | शायद उसने अपना ____________ दिया। | |
| (घ) | सिर पर हमेशा एक _____________ रहती थी। | |

| | | |
|---|---|---|
| | **खंड- 'ग'**<br>**(पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक)** | **28** |
| प्रश्न सं. 7 | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखिए -** | 2+2+2=6 |
| (क) | बड़े भाई साहब को अपने मन की इच्छाएँ क्यों दबानी पड़ती थी ? (30-40 शब्दों में) | |
| (ख) | प्रकृति में आये असंतुलन का क्या परिणाम हुआ ? (30-40 शब्दों में) | |
| (ग) | वजीरअली के अफ़साने सुनकर कर्नल को रॉबिनहुड की याद क्यों आ जाती थी ?<br>(30-40 शब्दों में) | |
| (घ) | चाय पीने के बाद लेखक ने स्वयं में क्या परिवर्तन महसूस किया ? (30-40 शब्दों में) | |
| प्रश्न सं. 8 | सुभाष बाबू के जुलूस में स्त्री समाज की क्या भूमिका थी ? 80-100 शब्दों में अपना विश्लेषण प्रस्तुत कीजिए ।<br>अथवा<br>'मट्टी से मट्टी मिले,<br>खो के सभी निशान,<br>किसमें कितना कौन है<br>कैसे हो पहचान'<br>इन पंक्तियों के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहता है? 80-100 शब्दों में स्पष्ट कीजिए। | 5 |
| प्रश्न सं. 9 | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखिए -** | 2+2+2=6 |
| (क) | मीठी वाणी बोलने से औरों को सुख और अपने तन को शीतलता कैसे प्राप्त होती है?<br>(30-40 शब्दों में) | |
| (ख) | 'तोप' कविता से आपको तोप के विषय में क्या जानकारी मिलती है? (30-40 शब्दों में) | |
| (ग) | कवि ने कैसी मृत्यु को सुमृत्यु कहा है? (30-40 शब्दों में) | |
| (घ) | गोपियाँ श्रीकृष्ण की बाँसुरी क्यों छिपा लेती हैं? (30-40 शब्दों में) | |
| प्रश्न सं. 10 | 'कर चले हम फ़िदा' गीत का प्रतिपाद्य 80-100 शब्दों में लिखिए ।<br>अथवा<br>पावस ऋतु में प्रकृति में कौन-कौन से परिवर्तन आते हैं? 'पर्वत प्रदेश में पावस' के आधार पर 80-100 शब्दों में स्पष्ट कीजिए। | 5 |
| प्रश्न सं.11 (क) | अनपढ़ होते हुए भी हरिहर काका दुनिया की बेहतर समझ रखते हैं। कहानी के आधार पर 60-70 शब्दों में स्पष्ट कीजिए। | 3 |
| (ख) | विद्यार्थियों को अनुशासन में रखने के लिए 'सपनों के-से दिन' पाठ में अपनाई गई युक्तियों और वर्तमान में स्वीकृत मान्यताओं के संबंध में 60-70 शब्दों में अपने विचार प्रकट कीजिए। | 3 |
| | **खंड-'घ'**<br>**(लेखन)** | **26** |
| प्रश्न सं. 12 | **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए-** | 6 |

| | | |
|---|---|---|
| | **(क) वृक्षों का महत्त्व**<br>• मानव जीवन और वृक्ष<br>• वृक्षों का वैज्ञानिक महत्त्व<br>• वृक्षों का योगदान | |
| | **(ख) अनुशासनहीनता- देश की समस्याओं की जड़**<br>• अनुशासन विभिन्न समस्याओं की जड़ है ।<br>• विभिन्न समस्याओं के निराकरण के उपाय<br>• अनुशासन प्रकृति का नियम | |
| | **(ग) 'परहित सरिस धर्म नहीं भाई'**<br>• सूक्ति का अर्थ<br>• कथन का स्पष्टीकरण<br>• लोक कल्याण की भावना<br>• समाज में प्रभाव | |
| प्रश्न सं. 13 | आपके क्षेत्र का डाकिया पत्रों का वितरण बड़ी लापरवाही से करता है। इधर-उधर फेंककर चला जाता है। एक शिकायती पत्र 80-100 शब्दों में मुख्य डाकपाल को लिखिए।<br>अथवा<br>स्वास्थ्य विभाग द्वारा आपके क्षेत्र की गंदगी की ओर कोई ध्यान नहीं दिए जाने पर किसी दैनिक पत्र के संपादक को 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए। | 5 |
| प्रश्न सं. 14 | एक विद्यार्थी जो आज ही एक नई घड़ी खरीदकर विद्यालय आया था भोजनावकाश तक उसने अपनी घड़ी को देखा था, परंतु उसके पश्चात् वह उससे कहीं विद्यालय परिसर में गिर गया। इस आशय की सूचना 40-50 शब्दों में तैयार करें।<br>अथवा<br>युवा क्लब की ओर से स्वास्थ्य जन जागरूकता अभियान में शामिल होने के लिए विद्यार्थियों के साथ होने वाली बैठक की जानकारी देते हुए, अध्यक्ष की ओर से 40-50 शब्दों में सूचना लिखिए । | 5 |
| प्रश्न सं. 15 | मुहल्ले में फैली गंदगी पर दो महिलाओं के मध्य लगभग 50-60 शब्दों में संवाद लिखिए ।<br>अथवा<br>डेंगू की बीमारी और इससे बचने के उपाय पर बातचीत करते हुए दो विद्यार्थियों के मध्य लगभग 50-60 शब्दों में संवाद लिखिए । | 5 |
| प्रश्न सं. 16 | 'शुद्ध-हनी' शहद की बोतल के लिए (25-50 शब्दों में) विज्ञापन तैयार कीजिये ।<br>अथवा<br>आपकी विधानसभा में 'वृक्षारोपण कार्यक्रम' का आयोजन होने जा रहा है । इसे आम जनता तक पहुँचाने के लिए 25-50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए । | 5 |

****************